NISHIGAKI

# अनुदेश पुस्तिका

# सुपर स्पीड पोल सॉ

सुपर स्पीड पोल सॉ खरीदने के लिए आपको धन्यवाद।
उचित उपयोग समझने के लिए उपयोग से पहले यह दस्तावेज़ ध्यान से पढ़ें। इस औज़ार का उपयोग केवल उसी उद्देश्य के लिए करें जिसके लिए यह बना है, यानि: पेड़ों की काट-छांट। यह निर्देश पुस्तिका फेंके नहीं।




**विशेषताएं**

■ सबसे उपयुक्त वर्क एंगल के लिए एडजस्टेबल हेड (5 चरण)





लता काटने के लिए



छाल न उखड़े इसके लिए शाखा में नीचे से कट लगाने के लिए

■ लंबाई में आसानी से और विश्वसनीय ढंग से एडजस्टमेंट

- केवल एक लीवर की मदद से आसान एक्सटेंशन
- निश्चित रूप से लॉक्ड (तीन टेपर पिन्स के साथ)
- आसान एडजस्टमेंट (सीधी खड़ी स्थिति में फैल सकता है)

■ लाने-ले जाने और भंडारण करने में आसान

- कॉम्पेक्ट आकार जो कार की डिक्की में फ़िट हो जाए (3M)
- आसान और सुरक्षित ढंग से लाने-ले जाने के लिए फोल्डेबल सॉ
- सुरक्षित भंडारण के लिए स्कैबर्ड के साथ

■ धार देने की आवश्यकता नहीं

- कठोर आवेग वाली मशीनिंग से बनी आरी लगभग 3 गुना लंबे समय तक काटती है।

■ रिप्लैसेबल ब्लेड

(अलग से बेचा जाता है)
अलग से मिलने वाला ब्लेड सभी आकारों में लग जाता है। (N-760-1)

■ ऊंचाई से मेल खाने वाली उत्पाद शृंखला!

① 3M
② 4M
③ 5M
④ 6.5M



① ② ③ ④

**तकनीकी विवरण**

| उत्पाद संख्या | उत्पाद का नाम | आरी का आकार | कुल लंबाई | भार |
|---|---|---|---|---|
| N-760 | सुपर स्पीड पोल सॉ 3M (एक्सटेंशन: 5 चरण) | 390㎜ | 1.1~3.0m | 1.54kg |
| N-761 | सुपर स्पीड पोल सॉ 4M (एक्सटेंशन: 5 चरण) | 390㎜ | 1.5~4.0m | 1.83kg |
| N-762 | सुपर स्पीड पोल सॉ 5M (एक्सटेंशन: 5 चरण) | 390㎜ | 1.8~5.0m | 2.06kg |
| N-763 | सुपर स्पीड पोल सॉ 6.5M (एक्सटेंशन: 7 चरण) | 390㎜ | 2.4~6.5m | 2.43kg |

उत्पाद के तकनीकी विवरण, सुधार के उद्देश्य से बिना सूचना के बदले जा सकते हैं।

MADE IN JAPAN
जापान में निर्मित


NISHIGAKI INDUSTRIAL CO.,LTD

ヒンディー語版 2025.6

# निर्देश

## केस कैसे हटाएं



① ब्लेड खोलो.




② टैब उठाएँ और हार्ड केस को बाहर खींचें।

* केस को जोड़ते समय, टैब को उठाएं और केस को पूरी तरह से अंदर डालें।

## ब्लेड एंगल बदलना




① लीवर खोलें और फिर ब्लेड एंगल एडजस्ट करें।




② ब्लेड के एंगल को फ़िक्स करने के लिए लीवर बंद करें।

## एक्सटेंशन की कार्यविधि




① क्लैम्प खोलें




② पोल को लंबा करें



③ ऑपरेशन क्लैम्प को वहां कसें जहां एक साथ तीन छेद दिख रहे हों।




④ पोल को ज़ोर लगाकर धकेलें। तड़क की आवाज़ के साथ वह पिन्स की मदद से मज़बूती से फ़िक्स हो जाता है।




⑤ इसमें दो ज्वाइंट पार्ट्स हैं। ऑपरेशन की कार्यविधियां समान हैं।




* यह लाईन दिखाती है कि पाइप का सिरा समीप है। पोल को इस रेखा से बहुत दूर तक न खींचें। यदि आप अधिक बल के साथ प्रयास करेंगे, तो पोल खिंचकर बाहर आ जाएगा और दूसरे भाग से अलग हो जाएगा।



---

## ⚠ चेतावनी

कृपया सावधानीपूर्वक ध्यान रखें कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर गंभीर चोट और विद्युत आघात से मौत का जोख़िम है।

1.यह उत्पाद धातु से बना है और विद्युत का सुचालक है। विद्युत आघात के जोख़िम वाले स्थानों में इस औज़ार का उपयोग न करें।
2.इस उत्पाद का उपयोग करते समय किसी भी समय इसे किसी ऐसी दिशा में न करें जहां लोग मौजूद हों।
3.काटते समय, शाखाएं और पेड़ों की कतरनें गिरती हैं। इसके अतिरिक्त, गिराव बिंदु वाले स्थान पर कार्य न करें, क्योंकि ब्लेड के पार्ट्स गिर सकते हैं और अनपेक्षित चोट पहुंचा सकते हैं। विशेष रूप से, कृपया बच्चों और पालतू पशुओं पर ध्यान दें।
4.कार्य करते समय हमेशा हेलमेट, चश्मा, हैवी ड्यूटी दस्ताने और चुस्त कपड़े पहनें।
5.अपने कदमों का ध्यान रखें। इस औज़ार का उपयोग किसी अस्थिर स्थिति में (जैसे सीढ़ी पर) न करें।
6.उपयोग के बाद, ब्लेड वाला भाग बंद करें, केस में रखें, और कृपया बच्चों की पहुंच से बाहर रखें।

## ⚠ सावधान

कृपया पालन करें। (महत्वपूर्ण)

1.कृपया इस उत्पाद का उपयोग केवल उन्हीं उद्देश्यों से करें जिसके लिए यह बना है, जैसे काट-छांट।
2.उपयोग से पहले, ध्यान से देखकर जांचें कि कहीं कोई पेच ढीला तो नहीं है, और कहीं किसी पार्ट को कोई नुकसान तो नहीं पहुंचा है, और सुरक्षा की पुष्टि कर लेने के बाद उपयोग करें।
3.उपयोग के दौरान, उत्पाद का उपयोग कृपया इस प्रकार न करें जिससे उसे झटका या टक्कर लगे। इससे प्रत्येक पार्ट को नुकसान पहुंच सकता है।
4.उपयोग के बाद, कृपया सारी धूल-गंदगी और नमी हटाने के बाद ही औज़ार का भंडारण करें।
5.पानी में उपयोग न करें। इससे जंग लग सकती है या औज़ार ख़राब हो सकता है।